# 100 ने कर लिया पीएम आवास में प्रवेश, 3 दिन बाद निगम ने जाकर हटाया

## बिना आवंटन के पीएम आवास में रहने जाने का मामला, नगर निगम ने अपनी कार्रवाई को ठहराया उचित

पत्रिका न्यूज पंच

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** रेलवे ने हाल ही में पटरी किनारे अवैध रुप से रहने वाले परिवार के अवैध आवास तोड़े है। इनमे से 100 परिवार डोसीगांव स्थित पीएम आवास योजना में रहने चले गए। इनमे से 50 परिवार ऐसे है, जिनको आवास आवंटन नहीं हुए हैं, जबकि 50 की प्रक्रिया चल रही है। इन सब के बीच मंगलवार शाम को नगर निगम के अमले ने जाकर सभी 100 परिवार को आवास से बे दखल कर दिया। अब इन परिवार के सामने सर पर छत की परेशानी खड़ी हो गई है। देर शाम तक निगम की कार्रवाई जारी रही है।



शाम करीब 4 बजे बाद निगम के पीएम आवास योजना प्रभारी सुरेशचंद्र व्यास, श्याम सोनी के अलावा लोकनिर्माण विभाग, राजस्व विभाग, औद्योगिक थाना पुलिस का बल बड़ी संख्या में डोसीगांव स्थित पीएम आवास योजना में बनाए गए फ्लैट्स में पहुंचा। यहां डी विंग में करीब 100 परिवार को पहले सूचना देकर एकत्रित किया गया व इसके बाद सभी को कह दिया गया कि किसी के पास दस्तावेज नहीं है, इसलिए 30 मिनट में सभी फ्लैट्स को खाली करें। जो खाली नहीं करेगा उनके खिलाफ पुलिस की कार्रवाई होगी। इसके बाद यहां रहने वाले परिवारों में हड़कंप मच गया।



### मिन्नते करते रहे परिवार

निगंम की सूचना के बाद परिवार के सदस्य काफी देर तक निगम अधिकारियों की मिन्नते करते रहे कि अब शाम हो गई है व कुछ देर बाद अंधेरा हो जाएगा। लेकिन निगम अधिकारी नियम की जद में बंधे रहे। इसके बाद ताबड़तोड़ परिवार के सदस्य अपना - अपना घरेलू सामान लेकर फ्लैट्स से बाहर आ गए। हालांकि एक दो ने विरोध का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के आगे उनकी एक नहीं चली।

### 50-50 परिवार रहे

असल में फ्लैट्स में 100 में से 50 परिवार इस प्रकार के आए थे जिनकी फ्लैट्स आवंटन की प्रक्रिया सरकारी नियम में चल रही है, लेकिन राशि का आवंटन नहीं होने से अब तक गति नहीं हुई है, जबकि 50 परिवार इस प्रकार के रहे जो बगैर मंजूरी के प्रवेश कर गए व इनको पीएम आवास में आवंटन के लिए दस्तावेज बनने की शुरुआत तक नहीं हुई है। अब जब तक आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं होगी, तब तक इन फ्लैट्स में रहने का अधिकार नहीं रहेगा।



हमारे छोटे - छोटे बच्चे है। अब शाम को बाहर कर दिया। हम अब किधर रहने जाए। सर्दी का समय है, इस समय तो विचार करना चाहिए। - **रीना रायसिंह,** बे दखल की गई महिला

नगर निगम की पूरी कार्रवाई नियम के तहत की गई है। जिनको आवंटन नहीं है, वे किस तरह से भला पीएम आवास में रह सकते है।
- **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 24/11/21



## पीएम स्वनिधि एवम डे एनयूएल एम योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरषोतम के निर्देशानुसार मंगलवार को जावरा निकाय में पीएम स्वनिधि एवम डे एनयूएलएम योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक परियोजना अधिकारी अरुण पाठक जिला शहरी विकास अभिकरण के द्वारा आहूत की गई। बैठक में योजनाओं के अंतर्गत बैंक में प्रस्तुत समस्त ऋण प्रकरणो का शत प्रतिशत निराकरण 26 नवम्बर तक करवाने के निर्देश सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए। साथ ही सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, यूको बैंक आदि बैंको में भ्रमण कर बैंको को शत-प्रतिशत प्रकरणो का निराकरण करने के लिए कहा गया। बैठक में डूडा सिटी मिशन मैनेजर कपिल मारोठिया, जावरा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया, उपयंत्री महेन्द्र सोनी, लेखाधिकारी संजय टुकड़िया, सामुदायिक संगठिका श्रीमती ऋतु सोनी उपस्थित रहे।

## ऋण प्रकरणों के निराकरण हेतु बैठक आयोजित

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर परिषद ताल में पीएम स्वनिधि एवम डेएनयूएलएम की समीक्षा बैठक परियोजना अधिकारी अरुण कुमार पाठक जिला शहरी विकास अभिकरण द्वारा की गई। बैठक में योजनाओं के अंतर्गत बैंक में प्रस्तुत समस्त ऋण प्रकरणो का शत-प्रतिशत निराकरण निर्देश कर्मचारियों को दिए गए। साथ ही सेंट्रल बैंक, स्टेट बैंको में भ्रमण कर बैंको को शत-प्रतिशत प्रकरणो का निराकरण करने के लिए कहा गया।

इन्दौर समाचार २४/११/२१

## पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा

रतलाम। मंगलवार को जावरा निकाय में पीएम स्वनिधि एवम डे एनयूएलएम योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक परियोजना अधिकारी अरुण पाठक जिला शहरी विकास अभिकरण के द्वारा ली गई। बैठक में योजनाओं के अंतर्गत बैंक में प्रस्तुत समस्त ऋण प्रकरणो का शत-प्रतिशत निराकरण 26 नवंबर तक करवाने के निर्देश सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए। बैठक में डूडा सिटी मिशन मैनेजर कपिल मारोठिया, जावरा मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया, उपयंत्री महेंद्र सोनी, लेखाधिकारी संजय टुकड़िया, सामुदायिक संगठिका ऋतु सोनी उपस्थित रहे।

नईदुनिया। २४/११/२१

# शिवशंकर कॉलोनी वासियों ने निगमायुक्त का किया घेराव, अतिक्रमण मुहिम में हटाए गए 64 परिवारों ने लगाई गुहार



प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टोरेट में जन सुनवाई के दौरान शिव शंकर कॉलोनी से हटाए गए 64 परिवारों के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर हंगामा कर दिया। कॉलोनी वासियों का कहना था कि उन्हें नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत फ्लैट आवंटन किए बिना ही बेघर कर दिया गया।

जनसुनवाई में पहुंची महिलाओं ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को जमकर खरी-खोटी सुनाई। जिसके बाद निगमआयुक्त ने शेष रह गए हितग्राहियों के अनुमोदन के बाद शिविर लगाकर समस्या का समाधान किए जाने की बात कही है।

रेलवे की शासकीय जमीन पर बनी शिवशंकर कॉलोनी के अधिकांश रहवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनी बिल्डिंग में फ्लैट का आवंटन किया जा चुका है।

लेकिन पिछले दिनों शेष रह गए हितग्राहियों को रेलवे द्वारा शिव शंकर कॉलोनी से हटा दिया गया है। जिसे लेकर रहवासी जनसुनवाई में पहुंचे थे। जहां निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को कॉलोनी वासियों ने अपनी समस्या बताई लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से नाराज महिलाओं ने जनसुनवाई में ही हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद निगमायुक्त ने रहवासियों किस समस्या का समाधान शिविर लगाकर किए जाने की बात कही है।

बहरहाल जनसुनवाई में पहुंचे शिवशंकर कॉलोनी वासियों को शिविर लगाकर उनकी समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन निगम प्रशासन की तरफ से मिला है। प्रसारण

प्रसारण २४/११/२१

**वैक्सीनेशन महाअभियान** • अब जिले के सरकारी विभागों में भी वैक्सीन को लेकर किया जा रहा है जागरू

# आज जिले के इन 97 केंद्रों पर लगाए जाएंगे टीके

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में बुधवार को कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान का आयोजन किया जाएगा। इधर, सरकारी विभागों में भी अब वैक्सीन को जरूरी कर दिया है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में भी वैक्सीनेशन की व्यवस्था की गई। वैक्सीनेशन दल ने 5 लोगों को सेकंड डोज लगाया।

## इन केंद्रों पर जाएं...

- **रतलाम शहर :** कालिका माता मंदिर, आईएमए हाल, कम्यूनिटी हॉल अलकापुरी, शिव नगर प्राथमिक विद्यालय, कम्युनिटी हॉल गांधीनगर, महर्षि दयानंद वैदिक इंदिरानगर, गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, मॉर्निंग स्टार स्कूल इंदिरा नगर, प्राथमिक विद्यालय बरबड़, रेडक्रॉस भवन् विरियाखेड़ी, बोधी स्कूल डोंगरे नगर, मांगलिक भवन सुभाष नगर, आईएमए हॉल राजेंद्र नगर, काश्यप सभागृह सागोद रोड, ईश्वर नगर शासकीय विद्यालय, मोहन टॉकीज, राधा कृष्ण स्कूल दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, मोती नगर प्राथमिक विद्यालय, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, माहेश्वरी धर्मशाला कसेरा बाजार, हाकिमवाड़ा शहरी स्वास्थ्य केंद्र, अशोक नगर मदरसा, मोचीपुरा मस्जिद के पास मदरसा, दिलीप नगर शहरी स्वास्थ्य केंद्र, जमातखाना शैरानीपुरा, अनाज मंडी मऊ रोड, रामेश्वर मंदिर जावरा रोड, डोसीगांव स्कूल, कुरैशी मंडी मदरसा, जिला चिकित्सालय, सब्जी मंडी सैलाना बस स्टैंड।
- **रतलाम ग्रामीण :** बिबड़ौद, सेमलिया, बरबोदना, रघुनाथगढ़, नायन, नगरा, पीपलखूंटा, सिम्लावदा, बिरमावल, लुनेरा, देवरिया, सुजलाना, सूरजपुर, रेन बिलपाक, सरवनखुर्द, कनेरी, चतरी, सागोद, मथूरी, उमरथाना, पीपलखूंटा, मातापाड़ा, धतुरिया, मुंदड़ी, लालगुआडी, धराड़, कांडरवासा, सीखेड़ी, नामली, मेवासा, सनावदा, सुराणा, खरखेड़ी, बड़ोदिया, भल्लीयाबीणा, इसरथुनी, ताजपुरिया, बंजली, नंदलाई, हतनारा, बांगरोद, सिमलावदा खुर्द, धमोतर, धोलावाड़, प्रीतम नगर, महू, लालगुवाडी, गोपालपुरा, राजपुरा, पल्दूना, पंचेड़, सेमलिया, भुवानीपाड़ा, शिवपुर, धामनोद, मलवासा।
- **बाजना :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना राजापुरा माताजी केलकच्छ, चंद्रगढ़, रायपाड़ा, कुंदनपुर, इमलीपाड़ा कला, रतनगढ़ पीठ, उमरिया, खेरदा, संगसेरा, भड़ानकला, चीरा खदान, बजरंगगढ़, गोदाखेड़ा, ठीकरिया, जामूवनिया, सेलज डामर, बालक छात्रावास रावटी, गढ़ावदिया, तंबोलिया, कोटड़ा, बीलड़ी, नायन, देवला, जामड़, उमर, हरथल, मुंदड़ी का माल, मरगुल, पीएचसी रावटी, मोरटुक।
- **सैलाना :** शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल सैलाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैल
जमातखाना सैलाना, कुम
धर्मशाला सैलाना, कसेरा धर्म
सैलाना, ग्राम पंचायत 
ग्राम पंचायत सालरापाड़ा,
पंचायत महापुरा, बोरदा, सा
गुड़भेली, गराड, सेरा, प्राथ
विद्यालय रीछि, अंडर, शिव
सलवानिया, चंदेरा, अम
कुंडा, प्राथमिक विद्यालय मे
ग्राम पंचायत करिया, प्राथ
विद्यालय पलवा, प्राथ
विद्यालय आमला ढोल
ग्राम पंचायत आंबापाड़ा, पं
पुनियाखेड़ी, ग्राम पं
कुआंझागर, पंचायत खेड़ी
ग्राम पंचायत तालाब बो
ग्राम पंचायत भामट, ग्राम पं
केलदा, ग्राम पंचायत सकराव

दे. भास्कर २४/११/२१

# हाईकोर्ट के आर्डर में दर्शाए अनुसार पावर हाउस पर स्थित सर्वे नंबर 1337/2/21/ वर्तमान नंबर 122, दो बीघा और सर्वे नंबर 1341 वर्तमान नंबर 123 जो 1.180 बीघा आईस फैक्ट्री के लिए नान ट्रांसफरेबल जमीन (पट्टा) के बाबत

**रतलाम।** आम जनता में चर्चा है कि पावर हाउस रोड पर बरफ फैक्ट्री हेतु पूर्व शासन के द्वारा जोगिन्दर नाथपुरी व अन्य का सर्वे नंबर 1337/2/2 वर्तमान नंबर 122 की दो बीघा जमीन तथा सर्वे नंबर 1341 वर्तमान नंबर 123 की 1.180 बीघा जमीन नान ट्रांसफरेबल जमीन का पट्टा बरफ फैक्ट्री लगाने के लिए दिया था तथा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट डी बी के द्वारा पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन जजमेंट अनिल गुप्ता व अन्य v/s स्टेट आफ एमपी व अन्य में निर्णय 2008/M. PLJ के पेज नंबर 308 से 316 में प्रकाशित हुआ के अनुसार गवर्नमेंट द्वारा सरकारी जमीन का पट्टा शुगर मिल निर्माण के लिए अलाट किया था पट्टा की जमीन न तो किसी को ट्रांसफर की जा सकती है और ना ही किसी को बेची जा सकती है और ना ही कमर्शियल कार्य तथा नान रेसिडेन्सीयल कार्य में कनवर्ट की जा सकती है और ना ही किसी के यहां रहन या लिखी जा सकती है।

तो फिर उक्त लीज पर दी गई बरफ फैक्ट्री के लिए जमीन बिकने की खबर जो बाजार में चल रही है वह प्रशासन की लेटलतीफी या आपसी मिलीभगत से हुआ है? क्या जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जो शासन के द्वारा जिला के मुखिया के तौर पर शासन के हितों तथा जनहित में जिला कलेक्टर के तौर पर नियुक्त किया है के शासन हितों को ध्यान में रखते हुए इस जमीन को शासन में विलीन करवाने के लिए क्या उच्चतम न्यायालय में प्रकरण को रिओपन करवाकर शासन के पक्ष में कार्यवाही करेंगे? क्योंकि उक्त जमीन आज के समय में कम से कम 100 करोड़ से कम नहीं है। यह भी चर्चा चल रही है कि किसी मंत्री महोदय के द्वारा इस बारे में सिफारिश (फोन) भी किया था क्या जिला प्रशासन उन मंत्री महोदय का नाम मालुम कर जनता के सामने उजागर करेगा? तथा किस तहसीलदार या अधिकारी द्वारा पट्टाधारी बताया है जबकि उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ ने इस भूमि को बरफ फैक्ट्री लगाने के लिए लीज पट्टा पर दी गई भूमि बताया है। शाकम्भरी

शाकम्भरी दर्पण 24/11/21

# क्या जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जिले के सरकारी जवाबदार उन अधिकारियों के खिलाफ भी कठोर कार्यवाही करेंगे जो अपने वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों का उत्तर पांच-पांच, छह-छह माह तक नहीं देते और कार्यवाही नहीं करते?

## (सरकारी सभी कार्यालय करीब-करीब बाबुओं के भरोसे ही चल रहे दिखाई देते?)

डी.पी. अग्रवाल

रतलाम। आम जनता में चर्चा से निकलकर हमारे संवाददाता को जानकारी मिली कि आजकल सभी सरकारी कार्यालय यहां तक कि जिला कलेक्टर कार्यालय, नगर पालिक निगम तथा अन्य कार्यालय केवल बाबुओं के इशारों पर ही चल रहे है, अधिकारी तो उन्हीं फाइलों पर नजर रखते है जो रसूखदार व्यक्ति की है या किसी के रिकमंड आई हो या वजनदार व्यक्ति हो।

वरिष्ठ कार्यालय जैसे प्रदेशस्तर के कार्यालय हो या संभागीय (कमिश्नर कार्यालय) या जिला. कलेक्टर कार्यालय से दिए गए जांच या किसी कार्यालय से दिए गए जांच या किसी कार्य को करने के निर्देश हों उन पर अधिकारी पांच-पांच, छह-छह माह तक कार्यवाही नहीं कर उसको अनदेखाकर पेड़ में बांधकर रख देते है जिसका सबसे बड़ा कारण यह है कि इससे ही भ्रष्टाचार उच्चस्तर पर चल रहा है जिसका कारण है साधारण जनता के कार्य बिना दिए और बिना कार्यालय के चक्कर लगाए और बाबूओं को बिना मस्का लगाए फाइल बाहर ही नहीं आती।

जिसका ताजा उदाहरण है संभाग आयुक्त उज्जैन के निर्देश पर जिला कलेक्टर रतलाम द्वारा शास्त्रीनगर कालोनी के शासकीय उद्यान में हुए मनमाने अतिक्रमण को शीघ्र हटाने की कार्यवाही के लिए पूर्व कलेक्टर श्रीमती रुचिका जी चौहान द्वारा तहसील अधिकारी से जांच करवाकर निगम आयुक्त को कार्यवाही करने के लिए दिनांक 14-7-2020 को रिपोर्ट भेजी गई परंतु निगम में चल रही मनमानी के चलते विभागीय अधिकारी उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह द्वारा रिपोर्ट पर शीघ्र अमल करने के बजाय करीब सालभर से उक्त फाइल को दबा रखी है, इसके पीछे क्या राग है? जबकि कार्य कालोनी के सरकारी बगीचे में करना है? क्या कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम संबंधित अधिकारी के खिलाफ व जवाबदार सिटी इंजीनियर के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करेंगे तथा उनको विभाग से हटवाएंगे?

इसी प्रकार रितेश मेहता पत्रकार द्वारा संभाग आयुक्त कार्यालय तथा जिला कलेक्टर रतलाम को दिनांक 1-3-2021 को पत्र भेजकर सांई मंदिर ट्रस्ट की जांच के लिए निवेदन किया था परंतु अफसोस के साथ लिखना पड़ रहा है कि जिला कलेक्टर कार्यालय के जवाबदार अधिकारी रसूखदारों के आगे नतमस्तक होकर रह गए तथा संभाग आयुक्त कार्यालय उज्जैन द्वारा जिला कलेक्टर रतलाम को प्रकरण में ट्रस्ट की जांच के लिए दिनांक 31-3-2021 को पत्र क्रं. 2935/देव-6/ मूलतः/2021 भेजा गया परंतु अफसोस है कि प्रकरण में संबंधित अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करना क्या दर्शाता है? क्या जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम कलेक्टर के साथ-साथ जिले के रजिस्ट्रार भी है, अतः इस प्रकरण में खुद संज्ञान लेंगे?.... (शेष पेज 4 पर..)

शाकम्भरी दर्पण २५/११/२१

नवभारत

## पीएम स्वनिधि एवं डे एनयूएलएम योजना की समीक्षा

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम के निर्देशानुसार मंगलवार को जावरा निकाय में पीएम स्वनिधि एवम डे एनयूएलएम योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक परियोजना अधिकारी अरुण पाठक जिला शहरी विकास अभिकरण के द्वारा आहूत की गई। बैठक में योजनाओं के अंतर्गत बैंक में प्रस्तुत समस्त ऋण प्रकरणो का शत प्रतिशत निराकरण 26 नवम्बर तक करवाने के निर्देश सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए। साथ ही सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, यूको बैंक आदि बैंको में भ्रमण कर बैंको को शत-प्रतिशत प्रकरणो का निराकरण करने के लिए कहा गया। बैठक में डूडा सिटी मिशन मैनेजर कपिल मारोठिया, जावरा मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया, उपयंत्री महेन्द्र सोनी, लेखाधिकारी संजय टुकड़िया, सामुदायिक संगठिका ऋतु सोनी उपस्थित रहे।

नवभारत 24/11/21

प्रसारण

## पीएम स्वनिधि एवम डे एनयूएलएम योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित



रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरषोतम के निर्देशानुसार मंगलवार को जावरा निकाय में पीएम स्वनिधि एवम डे एनयूएलएम योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक परियोजना अधिकारी अरुण पाठक जिला शहरी विकास अभिकरण के द्वारा आहूत की गई।

बैठक में योजनाओं के अंतर्गत बैंक में प्रस्तुत समस्त ऋण प्रकरणो का शत प्रतिशत निराकरण 26 नवम्बर तक करवाने के निर्देश सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए। साथ ही सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, यूको बैंक आदि बैंको में भ्रमण कर बैंको को शत-प्रतिशत प्रकरणो का निराकरण करने के लिए कहा गया। बैठक में डूडा सिटी मिशन मैनेजर कपिल मारोठिया, जावरा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया, उपयंत्री महेन्द्र सोनी, लेखाधिकारी संजय टुकड़िया, सामुदायिक संगठिका श्रीमती ऋतु सोनी उपस्थित रहे।

प्रसारण 24/11/21

## ऋण प्रकरणों के निराकरण हेतु बैठक आयोजित

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर परिषद ताल में पीएम स्वनिधि एवम डेएनयूएलएम की समीक्षा बैठक परियोजना अधिकारी अरुण कुमार पाठक जिला शहरी विकास अभिकरण द्वारा की गई। बैठक में योजनाओं के अंतर्गत बैंक में प्रस्तुत समस्त ऋण प्रकरणो का शत-प्रतिशत निराकरण निर्देश कर्मचारियों को दिए गए। साथ ही सेंट्रल बैंक, स्टेट बैंको में भ्रमण कर बैंको को शत-प्रतिशत प्रकरणो का निराकरण करने के लिए कहा गया। बैठक में डूडा सिटी मिशन मैनेजर कपिल मारोठिया, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी कन्हैयालाल सूर्यवंशी, उपयंत्री नरेश कुमार गोयल, शमशुद्दीन खान एवं सभी उपस्थित रहे। प्रसारण



# मुख्य मार्गों से अतिक्रमण सामग्री जब्त की

रतलाम। शहर के मुख्य मार्गों, फुटपाथ आदि पर गुमटियां, ठेले, अन्य सामग्री रखकर अतिक्रमण करने वालों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार 22 नवम्बर सोमवार को अतिक्रमण दल ने कार्यवाही करते हुए मित्र निवास रोड, लोकेन्द्र भवन रोड, डाट की पुल रोड, पावर हाउस रोड के फुटपाथ से पानी पतासे वाले, फुल वाले, कपड़े वाले चाय की दुकान आदि को हटवाया गया व एडव्हरटाईजिंग बोर्ड सहित अन्य सामग्री जब्त की गई।

## ऋण प्रकरणों के निराकरण हेतु बैठक आयोजित

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर परिषद ताल में पीएम स्वनिधि एवम डेएनयूएलएम की समीक्षा बैठक परियोजना अधिकारी अरुण कुमार पाठक जिला शहरी विकास अभिकरण द्वारा की गई। बैठक में योजनाओं के अंतर्गत बैंक में प्रस्तुत समस्त ऋण प्रकरणो का शत-प्रतिशत निराकरण निर्देश कर्मचारियों को दिए गए। साथ ही सेंट्रल बैंक, स्टेट बैंको में भ्रमण कर बैंको को शत-प्रतिशत प्रकरणो का निराकरण करने के लिए कहा गया। बैठक में डूडा सिटी मिशन मैनेजर कपिल मारोठिया, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी कन्हैयालाल सूर्यवंशी, उपयंत्री नरेश कुमार गोयल, शमशुद्दीन खान एवं सभी उपस्थित रहे।

राज एक्सप्रेस २५/११/२१

# कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान के दौरान आज 297 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम जिले में 24 नवंबर बुधवार को कोविड-19 वैक्सीनेशन महा अभियान का आयोजन किया जाएगा। वैक्सीनेशन महा अभियान के दौरान सिविल हॉस्पिटल आलोट, सीएचसी ताल, अंबेडकर भवन ताल, कृषि उपज मंडी आलोट, कृषि उपज मंडी ताल, सीएचसी खारवा कला, पीएससी बरखेड़ा कला, ग्राम कोटडी खारवा, निंबाखेड़ी, ग्राम नीम सावदी, भैंसोला, करौंदी, पंथ पिपलोदा, चपला खेड़ी, गुडभेली, रणायरा, मनुनिया, कल्याणपुरा, पीपल खेड़ी कराडिया, इफ्तेखार गंज, ग्राम माखनपुरा, फतेहपुर, ग्राम बिसल खेड़ा, गुड्डु खेड़ी, धतरवादा, एरवासा, आनाखेड़ी, खारवा खुर्द, संग खेड़ा, दौलतपुरा, कसारी चौहान, कसारी हरोड, ग्राम भैंसाना, हमपूरा, आक्या कला, ग्राम मालिया ताल, करवा खेड़ी, बामन खेड़ी बरखेड़ा खुर्द ,ग्राम जोयम, ईसामपुर, बदनावरा, सीपावाड़ा, ग्राम खजूरी सोलंकी ,लक्ष्मणपुरा, भानगढ़ के केंद्रों पर कोविशिल्ड का टीका लगाया जाएगा।

बाजना विकासखंड के क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना राजापुरा माताजी केलकच्छ, चंद्र गढ़, रायपाड़ा, कुंदनपुर, इमलीपाड़ा कला, रतनगढ़ पीठ, उमरिया, खेरदा, संगसेरा, भड़ानकला, चीरा खदान, बजरंगगढ़, गोदाखेड़ा, टीकरिया, जामूवनिया, सेलज डामर, बालक छात्रावास रावटी, गढ़ावदिया, तंबोलिया, कोटड़ा , बीलड़ी, नायन, देवला, जामड, उमर, हरथल, मुंदड़ी का माल, मरगुल, पीएचसी रावटी, मोरटुक पर कोविशिल्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

जावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपलिया जोधा, रेला, कुमारी, असावती, भेसाना, गोंदी शंकर, मार्तंडगंज, गोंदि धर्मसि, धतरावदा, मीना खेड़ा, झालवा, कलालिया , मुंडला राम मोरिया, रिचाचंदा, बंडवा, हाटपिपलिया, पिर हिंगोरिया, ऊनी, बहादुरपुर, लाला खेड़ा गुर्जर बढ़िया भाटबढ़िया, हुसैन टेकरी, पाता खेड़ी, भीम खेड़ी, हिंगोरिया डाडू, नयापुरा, लालियाना, नगर पालिका टाउन हॉल 1 जावरा ,अंबेडकर भवन जावरा, आयुर्वेदिक हॉस्पिटल जावरा, ग्राम बनवाड़ा, ग्राम रेवास, ग्राम रोजाना,पीएचसी ढोढर,महात्मा गांधी स्कूल जावरा, ग्राम शकर खेड़ी, सिविल हॉस्पिटल जावरा के केंद्रों पर कोविशील्ड का टीका लगाया जाएगा

पिपलोदा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पंचायत पिपलोदा, सीएचसी पिपलोदा, प्राथमिक विद्यालय लंबा खोड़ा, ग्राम पंचायत आंबा, ग्राम पंचायत बरखेड़ा, ग्राम पंचायत चिकलाना, ग्राम पंचायत बाकर खेड़ी, ग्राम पंचायत चौरासी बड़ायला, ग्राम पंचायत पिंडवासा, ग्राम पंचायत हतनारा, ग्राम पंचायत जड़वासा, कालूखेड़ा, मामट खेड़ा, माताजी बड़ायला, माऊ खेड़ी, नवेली, नांदलेटा, मचुन, पंचेवा, रणायरा, प्राथमिक विद्यालय बगिया, हसन पालिया के केंद्रों पर कोविशील्ड का टीकाकरण किया जाएगा।

रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम बिबडोद, सेमलिया, बरबोदना, रघुनाथगढ़, नायन, नगरा, पीपल खूंटा, सिमलावदा, बिरमावल, लुनेरा, देवरिया, सुजलाना, सूरजपुर, रेन बिलपाक, सरवन खुर्द, कनेरी, चतरी, सागोद, मथूरी, उमरथाना, पीपलखुटा, मातापाड़ा, धामनोद मलवासा में कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा। प्रसारण

प्रसारण २४/११/२१

## प्रतिदिन 3 हजार वैक्सीनेशन के निर्देश

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी एसडीएम तथा खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वैक्सीनेशन के लक्ष्य को अर्जित करने के लिए सक्रियता से कार्य करते हुए विकासखंडों में लक्ष्य प्राप्त किया जाए। जिले के प्रत्येक विकासखंड में प्रतिदिन 3 हजार वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके लिए अधिकारी प्रतिदिन प्लान करें, आपसी समन्वय रखते हुए लक्ष्य प्राप्त किया जाए। इस पूरे सप्ताह में कलेक्टर द्वारा 1 लाख 20 हजार वैक्सीनेशन के लिए निर्देशित किया गया है। स्वदेश

## 97 केंद्रों पर आज वैक्सीनेशन


स्वदेश

रतलाम ● जिले में 24 नवंबर को कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए 97 केंद्रों बनाए गए है। रतलाम शहर के एमसीएच भवन पश्चिम, कालका माता मंदिर पश्चिम, आईएमए हाल पश्चिम, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी पश्चिम के केंद्रों पर को वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा।

स्वदेश २४/११/२१

# कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान के दौरान आज 297 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा

**रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम जिले में 24 नवंबर बुधवार को कोविड-19 वैक्सीनेशन महा अभियान का आयोजन किया जाएगा।**



दो डोज पूर्ण सुरक्षा संपूर्ण

वैक्सीनेशन महा अभियान के दौरान सिविल हॉस्पिटल आलोट, सीएचसी ताल, अंबेडकर भवन ताल, कृषि उपज मंडी आलोट, कृषि उपज मंडी ताल, सीएचसी खारवा कला, पीएससी बरखेड़ा कला, ग्राम कोटडी खारवा, निंबाखेड़ी, ग्राम नीम सावदी, भैंसोला, करौंदी, पंथ पिपलोदा, चपला खेड़ी, गुडभेली, रणायरा, मनुनिया, कल्याणपुरा, पीपल खेड़ी कराडिया, इफ्तेखार गंज, ग्राम माखनपुरा, फतेहपुर, ग्राम विसल खेड़ा, गुड्डु खेड़ी, धतरवादा, एरवासा, आनाखेड़ी, खारवा खुर्द, संग खेड़ा, दौलतपुरा, कसारी चौहान, कसारी हरोड, ग्राम भैंसाना, हमपूरा, आक्या कला, ग्राम मालिया ताल, करवा खेड़ी, बामन खेड़ी बरखेड़ा खुर्द ,ग्राम जोयम, ईसामपुर, बदनावरा, सीपावाड़ा, ग्राम खजूरी सोलंकी ,लक्ष्मणपुरा, भानगढ़ के केंद्रों पर कोविशिल्ड का टीका लगाया जाएगा। बाजना विकासखंड के क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना राजापुरा माताजी केलकच्छ, चंद्र गढ़, रायपाड़ा, कुंदनपुर, इमलीपाड़ा कला, रतनगढ़ पीठ, उमरिया, खेरदा, संगसेरा, भड़ानकला, चीरा खदान, बजरंगगढ़, गोदाखेड़ा, ठीकरिया, जामूवनिया, सेलज डामर, बालक छात्रावास रावटी, गढ़ावदिया, तंबोलिया, कोटडा , बीलड़ी, नायन, देवला, जामड, उमर, हरथल, मुंदड़ी का माल, मरगुल, पीएचसी रावटी, मोरटुक पर कोविशिल्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा। जावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपलिया जोधा, रोला, कुमारी, असावती, भेसाना, गोंदी शंकर, मार्तंडगंज, गोंदि धर्मासि, धतरावदा, मीना खेड़ा, झालवा, कलालिया , मुंडला राम मोरिया, रिचाचंदा, बंडवा, हाटपिपलिया, पिर हिंगोरिया, ऊनी, बहादुरपुर, लाला खेड़ा गुर्जर बढ़िया भाटबढ़िया, हुसैन टेकरी, पाता खेड़ी, भीम खेड़ी, हिंगोरिया डांडू, नयापुरा, लालियाना, नगर पालिका टाउन हॉल 1 जावरा ,अंबेडकर भवन जावरा, आयुर्वेदिक हॉस्पिटल जावरा, ग्राम बनवाड़ा, ग्राम रेवास, ग्राम रोजाना,पीएचसी ढोडर,महात्मा गांधी स्कूल जावरा, ग्राम शकर खेड़ी, सिविल हॉस्पिटल जावरा के केंद्रों पर काविशील्ड का टीका लगाया जाएगा पिपलोदा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पंचायत पिपलोदा, सीएचसी पिपलोदा, प्राथमिक विद्यालय लंबा खोड़ा, ग्राम पंचायत आंबा, ग्राम पंचायत बरखेड़ा, ग्राम पंचायत चिकलाना, ग्राम पंचायत बाकर खेड़ी, ग्राम पंचायत चौरासी बड़ायला, ग्राम पंचायत पिंडवासा, ग्राम पंचायत हतनारा, ग्राम पंचायत जड़वासा, कालूखेड़ा, मामट खेड़ा, माताजी बड़ायला, माऊ खेड़ी, नवेली, नांदलेटा, मचुन, पंचेवा, रणायरा, प्राथमिक विद्यालय बगिया, हसन पालिया के केंद्रों पर काविशील्ड का टीकाकरण किया जाएगा। रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम बिबडोद, सेमलिया, बरबोदना, रघुनाथगढ़, नायन, नगरा, पीपल खूंटा, सिमलावदा, बिरमावल, लुनेरा, देवरिया, सुजलाना, सूरजपुर, रेन बिलपाक, सरवन खुर्द, कनेरी, चतरी, सागोद, मथूरी, उमरथाना, पीपलखुटा, मातापाड़ा, धामनोद मलवासा में काविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा। रतलाम शहरी क्षेत्र के अंतर्गत शिव नगर प्राथमिक विद्यालय, कम्युनिटी हॉल गांधीनगर, महर्षि दयानंद वेदिक इंदिरानगर, गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी पूर्व, मॉर्निंग स्टार स्कूल इंदिरा नगर, प्राथमिक विद्यालय बड़बड़, रेड क्रॉस भवन विरिया खेड़ी, बोधी स्कूल डोंगरे नगर, मांगलिक भवन सुभाष नगर, आईएमए हॉल राजेंद्र नगर, काश्यप सभागृह सागोद रोड, ईश्वर नगर शासकीय विद्याल, मोहन टॉकीज, राधा कृष्ण स्कूल दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, मोती नगर प्राथमिक विद्यालय, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, माहेश्वरी धर्मशाला कसेरा बाजार, हाकिमवाडा शहरी स्वास्थ्य केंद्र, अशोक नगर मदरसा, जिला चिकित्सालय रतलाम सब्जी मंडी सैलाना बस स्टैंड के केंद्रों पर कोविशिल्ड का टीका लगाया जाएगा। रतलाम शहर के एमसीएच भवन पश्चिम, कालका माता मंदिर पश्चिम, आइएमए हाल पश्चिम, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी पश्चिम के केंद्रों पर को वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। सैलाना विकासखंड के अंतर्गत शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल सैलाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना, जमातखाना सैलाना, कुमावत धर्मशाला सैलाना, कसेरा धर्मशाला सैलाना, ग्राम पंचायत बेरदा, ग्राम पंचायत सालरापाड़ा, ग्राम पंचायत महापुरा, ग्राम पंचायत केलदा, ग्राम पंचायत सकरावदा में कोविशिल्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

इन्दौर

इन्दौर समाचार २४/११/२१

watantraalan555@gmai...

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षक मात्र छोटी दुकानों पर ही कार्यवाही नहीं करें,बड़ी दुकानों पर भी पहुंचे

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर श्री आर्य ने दिए निर्देश

रतलाम। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की, आवश्यक निर्देश दिए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षकों की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए श्री आर्य ने निर्देशित किया कि निरीक्षक मात्र छोटी-छोटी दुकानों पर जाकर ही कार्रवाई नहीं करें बल्कि बड़ी दुकानों, प्रतिष्ठानों पर भी पहुंचे वहां से भी सैंपल लेवे और जांच के लिए प्रयोगशाला को पहुंचाएं। यह देखने में आ रहा है कि छोटी दुकानों से ही सैंपल लिए जा रहे हैं, अपने कर्तव्य का उचित ढंग से निर्वहन करें। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, सुश्री कृतिका भीमावद तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य ने उपसंचालक कृषि श्री चौरसिया को भी निर्देशित किया कि ढीली-ढाली कार्यप्रणाली नहीं रखें, जिले में निजी विक्रेताओं द्वारा अधिक मूल्य पर यूरिया बेचने की शिकायत मिली है। कृषि विभाग ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करें, उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाएं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में लंबित शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में श्रम विभाग, नगरीय आवास, नगर निगम, शिक्षा विभाग की 300 दिवस से अधिक समय अवधि की कई शिकायतें लंबित हैं जो कि घोर लापरवाही का परिचायक है। अपर कलेक्टर द्वारा उक्त विभागों को तत्काल शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए गए। जिले की कृषि उपज मंडियों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के संबंध में रतलाम मंडी सचिव श्री एम.एस. मुनिया को निर्देशित किया गया कि वह जिला स्तर की मंडी के सचिव होने के नाते मंडी संबंधी शिकायतों के निराकरण में नोडल अधिकारी हैं, अतः सक्रियता से कार्य करें। राजस्व विभाग के तहसीलदारों को भी सक्रियता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व निरीक्षकों से पूरा कार्य करवाया जाए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में बताया गया कि जावरा, बाजना तथा पिपलोदा में राजस्व संबंधी शिकायतों में वृद्धि हुई है। खासतौर पर जावरा तहसीलदार को सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा वित्त विभाग संबंधी शिकायतों में वृद्धि के दृष्टिगत जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के प्रति भी नाराजगी व्यक्त की गई। ग्राम लुनेरा में गौशाला खोलने हेतु भूमि आवंटन संबंधी कार्रवाई के लिए अपर कलेक्टर द्वारा ग्रामीण तहसीलदार तथा उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

स्वतंत्र ऐलान 24/11/21

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर निगम को मिला गोल्ड

रतलाम । भारत सरकार के आवासन एवं षहरी विकास मंत्रालय द्वारा 20 नवम्बर शनिवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के घोषित किये गये नतीजो में नगर निगम रतलाम ने गोल्ड हासिल किया वहीं स्वच्छता में 1 से 10 लाख व उससे अधिक आबादी वाले षहरों में नगर निगम रतलाम ने 42 वीं नशनल रैंकिग प्राप्त करने पर नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी, नागरिकों में हर्श व्याप्त है।

भारत सरकार के आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा 20 नवम्बर षनिवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के नतीजे घोषित किये जिसके तहत नगर निगम रतलाम ने गोल्ड हासिल किया। स्वच्छता में नगर निगम रतलाम ने राष्ट्रीय स्तर पर 1 से 10 लाख व उससे अधिक आबादी वाले शहरों में 42 वां स्थान प्राप्त किया वहीं 1 से 3 लाख आबादी वाले शहरों में नगर निगम रतलाम ने प्रदेश में 10 वीं रैंकिग प्राप्त की। [illegible] - २२

[illegible] २२/11/21

## क्या संभाग आयुक्त यादव साहब पूर्व की तरह जिलास्तर पर माह में एक बार कैम्प लगाकर रतलाम जिले के प्रकरणों की सुनवाई रतलाम में करेंगे?

(डी.पी. अग्रवाल)

रतलाम। रतलाम की आमजनता के हित में तथा न्याय हित में आपसे विनम्र निवेदन एवं सुझाव है कि, पूर्व की तरह आप रतलाम जिले की जनता के हित में तथा अभिभाषकों को संभाग आयुक्त स्तर के प्रकरणों की सुनवाई (निराकरण) के लिए हर समय उज्जैन आने के बजाय आप श्रीमान ही खुद अपनी टीम के साथ पूर्व की तरह रतलाम जिलास्तर पर माह में एक या दो दिन का कैम्प लगाकर अगर संभागस्तर के सुनवाई वाले प्रकरणों की सुनवाई रतलाम में करेंगे तो जिले की जनता को काफी बड़ी सहूलियत होगी। आशा है श्रीमान जनहित में रतलाम जिलास्तर पर सुनवाई प्रारंभ करने के लिए शीघ्र अपनी स्वीकृति प्रदान कर जिले की जनता व अभिभाषकों को सहयोग प्रदान करेंगे, यही निवेदन है।

शाकम्भरी

शाकम्भरी दर्पण २४/११/२१

# सैलाना ब्रिज के पास बन रही द्वारका रेसीडेंसी पर हाईकोर्ट के स्टे को क्या जिला प्रशासन खारिज करवाकर अवैध स्वीकृति से बने भवन को गिराएगा तथा अवैध स्वीकृति देने वाले जिला प्रशासन, नगर निगम तथा टीएनसी के अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही करेंगे या केवल शोबाजी?



रतलाम। आम जनता में चल रही चर्चा से हमारे संवाददाता को जानकारी मिली है कि क्या जिला प्रशासन इतना दमखम तो दिखा रहा है कि वो अवैध स्वीकृति को निरस्त करने के बाद हाईकोर्ट के द्वारा आगे की कार्यवाही पर लगे स्टे को शासन की ओर से किसी अनुभवी सीनियर एडवोकेट को नियुक्त कर हाईकोर्ट में लगे स्टे को खारिज करवाकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा की गई घोषणा के अनुसार की वो भवन को गिराने की कार्यवाही शीघ्र करेंगे या राजनेताओं तथा भूमाफियाओं के दबाव में आकर झुक जाएंगे तथा जिन जिला प्रशासन के जवाबदारों, निगम के अधिकारियों तथा टीएनसी के अधिकारियों ने अवैध भवन निर्माण को स्वीकृतियां देकर भवन निर्माण का नक्शा पास किया था, उसके विरूद्ध भी पद के दुरूपयोग की कार्यवाही तथा एफआईआर दर्ज करवाएंगे या केवल जनता की वाही-वाही लुटने के लिए केवल घोषणाएं ही की जा रहा है। अत: माननीय कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम सा. को अपना दमखम दिखाने का जो एक अवसर मिला है को देखते हुए अपनी प्रशासनिक क्षमता दिखाना आवश्यक हो जाता है तभी भूमाफियाओं तथा जिला प्रशासन में बैठे कुछ भ्रष्ट अधिकारी व बापूओ को कठोर कार्यवाही के तहत सबक सिखाने का यही स्वर्ण अवसर है? या फिर हाथी के दांत खाने के और व दिखाने के और वाली कहावत कहीं चरितार्थ न हो जाए?

शाकम्भरी

शाकम्भरी दर्पण २५/११/२१

# यातायात सुधार के नाम पर जिला प्रशासन पुलिस के जवाबदार अधिकारी तथा नगर निगम के जवाबदारों द्वारा प्रतिवर्ष यातायात सप्ताह मनाया जाता है व कई घोषणाएं भी सुधार के नाम पर की जाती है पर रिजल्ट जीरो, घोषणाएं केवल घोषणा होकर फाइलों में दब जाती है?

(डी.पी. अग्रवाल)

रतलाम। आम जनता में चर्चा है कि हमारे जिला प्रशासन के जिले के जवाबदार अधिकारी, पुलिस विभाग के मुखिया तथा नगर निगम के जवाबदार अधिकारी प्रतिवर्ष यातायात सुधार के नाम पर जनता को लंबी-चौड़ी योजना बनाकर अपने लंबे-चौड़े भाषण देकर जनता को सर सब्जबाग जो दिखा देते है पर जब योजना को कार्य रूप में परिवर्तित करने का समय आता है तो सब चुप हो जाते है, यानी सबकी टांय-टांय फिस्स हो जाती है और यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। सबसे. दुख की बात तो यह है कि जनता से टैक्स के रूप में प्राप्त राशि से शहर में व जिले के जावरा आदि में लाखों रुपए खर्च कर सरकार द्वारा ट्राफिक सिग्नल लगवाए गए जिनका भी पुलिस के जवाबदार बराबर उपयोग नहीं कर पा रहे है और वो जंग खा रहे है, क्यों क्या यह जनता के साथ वादा खिलाफी नहीं है? दूसरी और पुलिस विभाग की दुकानदारों के साथ आपसी मिलीभगत या राजनीतिक दबाव के कारण सड़क के दोनों ओर बने फुटपाथों पर दुकानदारों ने अवैध कब्जा कर रखा है जबकि फूटपाथ लोगों के पैदल चलने वालों के लिए होते है परंतु पुलिस के जवाबदार अपनी आंखें बंद कर अपने कर्त्तव्य से दूर भाग रहे दिखाई दे रहे है, क्यों क्या यह सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने का हिस्सा नहीं है?

शहर में दोपहिया व चार पहिया वाहन पार्किंग स्थल बनाने में रतलाम की पुलिस पूरी तरह असफल साबित हुई है तथा आटो रिक्शा तथा मेटाडोर सड़क के बीच में जहां चाहे वहा खड़े होते हुए देखे जा सकते है तो फिर ट्राफिक सप्ताह के समय सुधार करने की बात तो दूर की बात है, रोजाना के ट्राफिक पर कंट्रोल (सुधार) में भी रतलाम पुलिस असफल साबित हुई है जिस पर पुलिस विभाग व पुलिस के मुखिया को ट्राफिक सुधार के लिए अपनी अंतरआत्मा से विचार करना चाहिए कि यातायात के नाम पर वर्तमान में किया जा रहा है या चल रहा है, क्या वह ठीक है, इस पर आत्ममंथन की जरूरत है। अतः वर्तमान यातायात की चरमराती स्थिति को देखते हुए जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा निगम के जवाबदारों को गहराई से आत्ममंथन कर शहर के यातायात सुधार के लिए कदम उठाना होगा?-



शाकम्भरी

शाकम्भरी दर्पण २५/११/१२

चार विभाग ने मिलकर 50 साल पूर्व के अतिक्रमण हटाए

# रेलवे ने 150 अवैध आवास तोड़े, पहली बार 24 हजार वर्गफीट भूमि कब्जे से कराई मुक्त

पत्रिका डेटा डिकोडेड



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. रेलवे ने तीन दिन तक चलाए रेलवे पटरी किनारे के अतिक्रमण हटाने के अभियान में पहली बार मंडल में 24 हजार वर्गफीट भूमि को मुक्त करवाया है। चार विभाग के सहयोग से करीब 50 वर्ष पूर्व से चले आ रहे अतिक्रमण को ध्वस्त करने में रेलवे को चार जेसीबी व 250 से अधिक कर्मचारियों का सहयोग लेना पड़ा। बड़ी बात यह है कि 50 साल में कुल 27 बार नोटिस अतिक्रमण वालों को जारी तो किए गए, लेकिन हटाने का साहस पहली बार नजर आया।

रेलवे ने 16 नवंबर को शिवशंकर कॉलोनी में अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की। लक्ष्य लिया गया था कि कुल 130 आवास हैं जिनको हटाना है। रेलवे पटरी के किनारे करीब 16 हजार वर्गफीट व इसके अलावा कुल मिलाकर 24 हजार वर्गफीट भूमि से रेलवे ने तीन दिन की कार्रवाई में अवैध आवासों को तोड़ा है। बड़ी बात यह है 50 वर्ष पूर्व के इन अवैध निर्माण में कुल 27 बार नोटिस जारी किए गए। हर बार नोटिस के बाद कार्रवाई नहीं हो पाई। इसी वर्ष दो बार तो रेलवे का इंजीनियरिंग विभाग आरपीएफ का बल लेकर भी पहुंच गया, लेकिन अन्य संसाधन के अभाव में अतिक्रमण तोड़े बगैर ही दल वापस आ गया।

सिर्फ रतलाम ही नहीं, मंडल में जहां - जहां रेल भूमि पर अतिक्रमण है, उन सभी स्थान से अवैध निर्माण को तोड़कर मुक्त करवाया जाएगा। इसके लिए कार्रवाई प्रचलित है।

**- विनीत गुप्ता,** मंडल रेल प्रबंधक

पत्रिका २५/११/२१

# कलेक्टर ने किया शहर के व्यस्त बाजारों में वैक्सीनेशन का निरीक्षण

रतलाम । वैक्सीनेशन महा अभियान 17 नवंबर के अवसर पर कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा रतलाम शहर के व्यस्त बाजारों में भ्रमण कर वैक्सीनेशन का निरीक्षण किया गया। उनके साथ पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी भी थे। कलेक्टर ने चांदनीचौक, माणकचौक, डालू मोदी बाजार, दो बत्ती, स्टेशन रोड इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए वैक्सीनेशन देखा। राह चलते लोगों से वैक्सीनेशन के बारे में पूछताछ की, दुकानदारों से वैक्सीनेशन कराने की जानकारी ली। जिन दुकानदारों द्वारा वैक्सीनेशन के दोनों डोज नहीं लगवाए गए, उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकानें बंद करा दी गई, जुर्माना भी लगाया गया और तत्काल वैक्सीनेशन सेंटर भिजवाया गया।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने दुकानों के सामने वाहन रोककर दुकानदारों के मोबाइल पर दोनों डोज के मैसेज चेक किए। इस दौरान चांदनीचौक में पेटलावदवाला ज्वेलर्स तथा चौमुखीपुल पर कन्हैया स्वीट्स दुकानदार के मोबाइल पर दोनों डोज के मैसेज नहीं पाए गए तो कलेक्टर द्वारा उनकी दुकानें करने तथा जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। दोनों दुकानदारों को तत्काल वैक्सीनेशन सेंटर पर जाकर वैक्सीन लगवाने के लिए निर्देशित किया। डालू मोदी बाजार में दुकान रिवाज के हेमंत मुठिया तथा स्टेशन रोड पर खंडेलवाल नमकीन के अंकुश खंडेलवाल के मोबाइल चेक करने पर दोनों डोज के मैसेज पाए गए। कलेक्टर ने उनको शाबाशी दी। इस दौरान निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया भी उपस्थित थे। दशपुर २२

दशपुर २२/११/२१

# वैक्सीनेशन महाअभियान में ढंग से काम नहीं करने वालों को दिए नोटिस

रतलाम। राज्य शासन के निर्देशानुसार रतलाम जिले में 24 नवंबर को भी कोविड-19 वैक्सीनेशन महा अभियान आयोजित किया जा रहा है। पूरे जिले में 70 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा गया है। महा अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक आयोजित की। संबंधित नोडल तथा अन्य अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पिछले महा अभियान में ढंग से काम नहीं करने वालों को शोकॉज नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि आलोट अनुविभाग को 9 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य दिया गया है। कलेक्टर ने बताया कि पूरे सप्ताह के दौरान जिले में 1 लाख 15 हजार वैक्सीनेशन किया जाना है। आलोट में 45 हजार सेकंड डोज अभी ड्यू है। आलोट में महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सुश्री धापू मालवीय ने विगत महा अभियान में अच्छा कार्य किया। उन्होंने 110 प्रतिशत कार्य किया। कलेक्टर ने उनकी सराहना की, परंतु पशु चिकित्सा सेवा के डॉक्टर दिनेश कुमार द्वारा ठीक से कार्य नहीं जाने पर उनको शोकाज नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर ने उनसे बात करते हुए चेतावनी दी कि इस बार भी उनके द्वारा ठीक से कार्य नहीं किया गया तो बड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने महाअभियान की तैयारियों की समीक्षा में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशेष रूप से वैक्सीनेशन पर फोकस करें। यदि आप दोपहर 1 बजे तक 50 प्रतिशत लक्ष्य अर्जित कर लेते हैं तो कार्य आसान हो जाएगा। रतलाम शहर टीम को सबसे ज्यादा मेहनत की आवश्यकता है। नवभारत


नवभारत २२/११/२१

# निगम के 27 अधिकारी, कर्मचारियों को सूचना-पत्र जारी

रतलाम । मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंम्बर में शिकायत होने के बाद तय समय मे समाधान करने में नगर निगम के 27 कर्मचारी व अधिकारी कमजोर साबित हुए अब इन सभी को शोकाज नोटिस जारी कर दिया गया है इसके अलावा 15 नवंबर तक समाधान अनिवार्य रूप से करने को कहा गया है अन्यथा वेतन कटने की शुरूआत हो जाएगी जिनको नोटिस जारी हुए उनमे नगर निगम के दो सिटी इंजीनियर शामिल है

शाकम्भरी दर्पण। २५/११/१९

## नाला निर्माण के लिए खुदाई की, निर्माण शुरू नहीं होने से हो रहा ट्रैफिक जाम



रतलाम | बारिश में पानी भरने की समस्या देखते हुए हरदेवलाला की पीपली और तोपखाना क्षेत्र में नाले का निर्माण किया जा रहा है, ताकि पानी डायवर्ड किया जा सकें। मुख्य मार्ग होने और निर्माण शुरू नहीं होने से रोज ट्रैफिक जाम हो रहा है और जनता परेशान हो रही है। फोटो-चिंटू मेहता

## लापरवाह अफसरों को नोटिस, आज 70 हजार को लगेंगे टीके

रतलाम | जिले में बुधवार को वैक्सीनेशन महाअभियान होगा। जिले में 70 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा है। मंगलवार को महाअभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक ली।



आलोट में 45 हजार दूसरा डोज ड्यू है। पशु चिकित्सा सेवा के डॉ. दिव्येश कुमार के ठीक से काम नहीं करने पर उन्हें नोटिस जारी किया। सैलाना को 13 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य दिया। पिछले अभियान में अच्छा काम नहीं करने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पिपलौदा को नोटिस जारी किए। इसी प्रकार रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर कीर्ति पुरोहित, ज्योत्सना आठे और रमेश निनामा द्वारा कमजोर काम करने पर दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के लिए नोटिस जारी।

**शहर में होगी मोबाइल टीम :** शहर में प्रत्येक बाजार में मोबाइल टीम तैनात की जाएगी। बस स्टैंड पर बसों की चेकिंग करेंगी। दुकानों की चेकिंग के दौरान दुकानदारों के मोबाइल से दोनों डोज वैक्सीन के मैसेज चेक होंगे। जिनके नहीं मिले, उनकी दुकान बंद कर दी जाएगी।

भास्कर

दै. भास्कर 24/11/21

# पीएम आवास मल्टी से अवैध कब्जे खाली करवाए

## शिवशंकर झुग्गी बस्ती के रहवासियों ने फ्लैटों पर लगा दिए थे ताले



अवैध कब्जे हटाने के बाद फ्लैट पर ताले लगाते हुए निगम अधिकारी। ● नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। डोसीगांव स्थित पीएम आवास मल्टी के फ्लैटों पर हुए अवैध कब्जे मंगलवार को नगर निगम अमले ने पुलिस बल को साथ लेकर हटवाए। रेलवे क्षेत्र में शिवशंकर झुग्गी बस्तियों के कच्चे मकान तोड़ने के बाद लोगों ने यहां फ्लैट पर ताले लगाकर कब्जा कर लिया था। इधर पीएम आवास लेने के लिए बस्ती के कई लोग जनसुनवाई में भी पहुंचे और एडीएम एमएल आर्य से आवास देने की मांग की। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने उन्हें सूची अनुमोदन के बाद कैंप लगाकर बैंक ऋण दिलवाने व रजिस्ट्री कराकर कब्जा देने की बात कही।

मालूम हो कि डोसीगांव में पीएम आवास योजना में कुल 396 फ्लैट बनाए गए हैं। झुग्गी बस्तियों के रहवासियों में 177 परिवार को फ्लैट आवंटित किए जा चुके हैं। यह फ्लैट सबसिडी देने के बाद दो लाख रुपये जमा कराने पर पांच साल पहले कलेक्टर द्वारा अनुमोदित सूची पर आवंटित किए जा रहे हैं। इसमें भी हितग्राही को 20 हजार रुपये ही जमा कराना है। शेष राशि का बैंक ऋण भी दिया जा रहा है। सूची बनने के दौरान कई लोगों ने नाम नहीं जुड़वाए वहीं रेलवे की कार्रवाई में प्रभावित हुए लोग अब फ्लैट मांग रहे हैं। इनमें से कुछ ने अवैध कब्जा कर फ्लैट पर ताले लगा दिए तो मंगलवार को निगम कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, उपयंत्री मनीष तिवारी सहित अन्य अमला पुलिस बल लेकर डोसीगांव मल्टी पहुंचा और कब्जा हटाने के बाद निगम के ताले फ्लैट पर लगाए गए।

### विधायक कार्यालय भी पहुंचे

फ्लैट खाली कराने के बाद शिवशंकर झुग्गी बस्ती के रहवासी शहर विधायक के कार्यालय भी पहुंचे और आवास की मांग की। निगम कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास ने बताया कि पूर्व में बनी सूची के बाद अब नए आवेदक भी आ रहे हैं। सूची अनुमोदन के बाद अब आवंटन की प्रक्रिया पूरी करेंगे। नई.

नईदुनिया २४/११/२१

# खानपान तथा मनोरंजन का नया केंद्र होगा शहर में बनने वाला फूड जोन

रतलाम । रतलाम शहर में बनने वाला फूड जोन अति शीघ्र आकार लेने की तैयारी कर रहा है। इसकी डीपीआर बन जाने के पश्चात टेंडर प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी। संभवतः जनवरी से निर्माण कार्य शुरू हो सकता है। शहर के लोकेंद्र भवन के सामने बनने वाला फूड जोन रतलामी स्ट्रीट फूड के आकर्षण का नया केंद्र होगा, एक ही स्थान पर खानपान के शौकीनों को सारे जायके मिल सकेंगें। एक मनोरंजक स्थल होने के साथ-साथ फूड जोन अपनी भव्यता से भी लोगों को भरपूर आकर्षित करेगा। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि पोलोग्राउंड से लगी हुई लगभग सवा 2 लाख स्क्वायर फीट भूमि पर गुड़गांव के साइबर हब फूड जोन की तर्ज पर रतलाम का फूड जोन बनाया जाएगा। इस दो मंजिला अत्याधुनिक भवन की लागत लगभग 11 करोड़ रुपये के आसपास रहेगी। रतलामी फूड जोन का नक्शा इंदौर की विख्यात आर्किटेक्ट प्लानर इंटीरियर डिजाइनर्स संस्था 9 स्क्वायर द्वारा तैयार किया गया है। आकर्षक लाइटिंग, एंफीथियेटर के साथ-साथ फूड जोन में ग्रीनरी के भी पर्याप्त समावेश का प्रावधान किया गया है। इसका वाक वे एलईडी लाइट से सुसज्जित रहेगा। परिसर में अलग-अलग प्रकार के पौधों से मनमोहक खूबसूरती दी जाएगी। कंफर्टेबल सीटिंग एरिया रहेगा, बेंचे भी लगाई जाएंगी। परिसर में बनने वाला एंफीथिएटर मुक्ता, काशी मंच, गीत संगीत, साहित्य, विधा या काव्य पाठ जैसे आयोजनों के लिए उपलब्ध रहेगा।

एंफीथियेटर स्थानीय कलाकारों के लिए भी एक सौगात की तरह रहेगा जहां उन्हें अपनी कला प्रदर्शन के लिए मंच मिल सकेगा। फूड जोन इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि बेंच पर बैठकर या दुकानों से अथवा मंच सभी स्थानों से पूरे परिसर का अवलोकन किया जा सकेगा। फूडजोन पर टू व्हीलर 4 व्हीलर पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था आने जाने वालों के लिए रहेगी। इसके दो मंजिला भवन में सीढ़ियों के साथ ही एस्केलेटर सुविधा भी रहेगी। कुल 41 दुकानें बनाई जाएंगी जिनमें ए टाइप की 15 दुकानें 200-220 स्क्वायर फीट की होंगी। इसके अलावा बी श्रेणी की 13 दुकाने 290 से 300 स्क्वायर फीट तथा सी श्रेणी की 13 दुकानें 350 से 370 स्क्वायर फीट आकार की रहेंगी।

परिसर में स्वच्छता के लिए लीटर बीन की व्यवस्था रहेगी, रैंप की सुविधा दी जाएगी। आकर्षक लाइटिंग के साथ लैंडस्कैपिंग, दुकानों के सामने 6 मीटर चौड़ा कोरिडोर वाटर बबल, डेकोरेटिव लाइट्स, इंटरलॉकिंग पेवर्स, बुश लाइट्स, सेंड स्टोन बोलार्डस, कॉबलस्टोन, सुंदर पर्यावरण के लिए चंपा, अमलतास, गुलमोहर जैसे सुंदर पौधे फूड जोन की भव्यता को चार चांद लगाएंगे। कई सारी विशेषताओं से युक्त अत्याधुनिक फूड जोन का निर्माण रतलाम की सुंदरता को एक नई आभा देगा। हमदेश २२

हमदेश २२/११/२१

# सरकारी फ्लैट्स के ताले तोड़ बस्ती वालों ने किया कब्जा

## नगर निगम के अमले को खाली कराने में लगे 5 घंटे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

डोसीगांव में बने प्रधानमंत्री आवास योजना के 40 से ज्यादा फ्लैट्स पर शिवशंकर कॉलोनी और आसपास की बस्तियों में रहने वाले परिवारों ने अवैध कब्जा कर लिया। वह भी बिना किसी अनुमति के। हिम्मत यह कि फ्लैट्स पर लगे सरकारी ताले तोड़कर कब्जा करने के लिए न केवल अपना कुछ सामान रख दिया, बल्कि बाहर से खुद ताला लगा गए। बीते कई दिनों से फ्लैट्स पर किए जा रहे इन अवैध कब्जों की नगर निगम को भनक तक नहीं लग पाई।

खुलासा तब हुआ जब रेलवे के हटाए जाने से प्रभावित हितग्राही परिवार जल्द फ्लैट आवंटन की गुहार लेकर मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। अफसरों से बात करने के दौरान ही कुछ लोगों ने फ्लैट्स पर कब्जा करने की जानकारी दी। यह सुनकर अफसरों के कान खड़े हो गए। सूचना मिलने पर सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, इंजीनियर मनीष तिवारी अमला लेकर पहुंचे। पड़ताल की तो लगभग 60 फ्लैट्स पर अवैध कब्जा मिला। ताला लगाने वालों की बहुत तलाश की गई लेकिन कोई सामने नहीं आया। गड़बड़झाला समझ आने के बाद निगम के अमले ने फ्लैट्स के ताले तोड़कर सामान बाहर निकलवाया। साथ ही फ्लैट्स पर फिर से सरकारी ताले जड़ दिए। दोपहर 3.15 बजे से शुरू हुई यह कार्रवाई रात 8 बजे तक चलती रही।



डोसीगांव में पीएमएवाय योजना में बने फ्लैट्स को अवैध कब्जे से मुक्त कराता निगम का अमला।

## विरोध हुआ तो बुलाई पुलिस

ताले तोड़कर फ्लैट्स में घुसे लोगो को जैसे ही नगर निगम के अमले ने बाहर निकालना शुरू किया, वे विरोध करने पर उतारू हो गए। हंगामा बढ़ता हुआ देख पुलिस बल बुलवाना पड़ा। इसके बाद निगम इंजीनियरों ने एक फ्लैट्स खाली करके ताला लगाया। इस दौरान कुछ महिलाओं ने रोते हुए गुहार लगाई कि रेलवे ने घर तोड़ दिए परिवार को लेकर कहां जाएंगे। इस पर अफसरों ने विधिवत फ्लैट्स लेने की बात कहकर पीछा छुड़ाया। अब निगम ने वहां चौकीदार नियुक्त करने का फैसला लिया है।

**25 परिवार पात्र निकले**

इनमें से कुछ ऐसे परिवार भी थे, जो सर्वे में पात्र निकले थे। फ्लैट्स का आवंटन भी हो चुका था, लेकिन बैंक लोन की प्रक्रिया चल रही थी। शिवशंकर कॉलोनी में रहने वाले इन परिवारों के मकान रेलवे द्वारा की गई कार्रवाई में टूट गए थे, इसलिए ये डोसीगांव के फ्लैट्स रहने आ गए थे। दस्तावेज मिलान करने के बाद इन परिवारों को फिलहाल नहीं निकाला गया।

भास्कर

दै. भास्कर 24/11/21

# हाईकोर्ट के आर्डर में दर्शाए अनुसार पावर हाउस पर स्थित सर्वे नंबर 1337/2/21/ वर्तमान नंबर 122, दो बीघा और सर्वे नंबर 1341 वर्तमान नंबर 123 जो 1.180 बीघा आईस फैक्ट्री के लिए नान ट्रांसफरेबल जमीन (पट्टा) के बाबत

**रतलाम।** आम जनता में चर्चा है कि पावर हाउस रोड पर बरफ फैक्ट्री हेतु पूर्व शासन के द्वारा जोगिन्दर नाथपुरी व अन्य का सर्वे नंबर 1337/2/2 वर्तमान नंबर 122 की दो बीघा जमीन तथा सर्वे नंबर 1341 वर्तमान नंबर 123 की 1.180 बीघा जमीन नान ट्रांसफरेबल जमीन का पट्टा बरफ फैक्ट्री लगाने के लिए दिया था तथा मध्यप्रदेश हाईकोर्ट डी बी के द्वारा पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन जजमेंट अनिल गुप्ता व अन्य v/s स्टेट आफ एमपी व अन्य में निर्णय 2008/M. PLJ के पेज नंबर 308 से 316 में प्रकाशित हुआ के अनुसार गवर्नमेंट द्वारा सरकारी जमीन का पट्टा शुगर मिल निर्माण के लिए अलाट किया था पट्टा की जमीन न तो किसी को ट्रांसफर की जा सकती है और ना ही किसी को बेची जा सकती है और ना ही कमर्शियल कार्य तथा नान रेसिडेन्सीयल कार्य में कनवर्ट की जा सकती है और ना ही किसी के यहां रहन या लिखी जा सकती है।

तो फिर उक्त लीज पर दी गई बरफ फैक्ट्री के लिए जमीन बिकने की खबर जो बाजार में चल रही है वह प्रशासन की लेटलतीफी या आपसी मिलीभगत से हुआ है? क्या जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जो शासन के द्वारा जिला के मुखिया के तौर पर शासन के हितों तथा जनहित में जिला कलेक्टर के तौर पर नियुक्त किया है के शासन हितों को ध्यान में रखते हुए इस जमीन को शासन में विलीन करवाने के लिए क्या उच्चतम न्यायालय में प्रकरण को रिओपन करवाकर शासन के पक्ष में कार्यवाही करेंगे? क्योंकि उक्त जमीन आज के समय में कम से कम 100 करोड़ से कम नहीं है। यह भी चर्चा चल रही है कि किसी मंत्री महोदय के द्वारा इस बारे में सिफारिश (फोन) भी किया था क्या जिला प्रशासन उन मंत्री महोदय का नाम मालुम कर जनता के सामने उजागर करेगा? तथा किस तहसीलदार या अधिकारी द्वारा पट्टाधारी बताया है जबकि उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ ने इस भूमि को बरफ फैक्ट्री लगाने के लिए लीज पट्टा पर दी गई भूमि बताया है। शाकम्भरी

शाकम्भरी दर्पण 24/11/21

**आज से ट्रैफिक सुधार** • आदत डाल लें... तीन दिन समझाइश देंगे, इसके बाद होगी चालानी कार्रवाई

# दो पहिया चलाने वाले नाबालिगों पर रहेगी विशेष नजर, वाहन पार्किंग में ही खड़े करें

**सुगम हो शहर का ट्रैफिक**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

यदि आपको शहर में जहां-तहां वाहन खड़े कर काम निपटाने की आदत है... तो हो अब आप मुश्किल में फंस सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि, शहर के बेहाल ट्रैफिक को सुधारने के लिए प्रशासन का अमला तैयारी कर चुका है। शहर के प्रमुख इलाकों में पार्किंग लाइन डाल दी गई है। इस पार्किंग लाइन के बाहर यदि कोई वाहन खड़ा दिखा तो कार्रवाई होगी। शहर में ट्रैफिक की व्यवस्था में बुधवार से बदलाव किया जा रहा है। अभी शुरुआती तीन दिन समझाइश दी जाएगी।

इधर, बुधवार से चालानी कार्रवाई की तैयारी है। नाबालिग वाहन चालक पुलिस के टारगेट पर बने हुए हैं, वहीं, मुख्य बाजारों में पार्किंग लाइन को लेकर विशेष जोर रहेगा। कारण है बार-बार लगने वाला जाम। हालांकि, पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से परेशानी होना तय है। तीन दिन पहले पुलिस ने व्यवस्था तय की थी, हालांकि, बुधवार को सब्जी मंडियों की शिफ्टिंग नहीं की जाएगी।

**ये गली नहीं फोरलेन है :** सालाखेड़ी तक चार साल पहले 104 फीट का बना था रोड, अब दो कारें साथ नहीं निकल सकतीं



**शहर में अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग का हाल ऐसा है...** ये तस्वीर किसी मोहल्ले की नहीं सालाखेड़ी फोरलेन की है। 2017 में इस फोरलेन का सीएम शिवराजसिंह चौहान ने लोकार्पण किया था। जनप्रतिनिधियों को उम्मीद थी कि मुख्य प्रवेश मार्ग होने से रतलाम की शान बढ़ेगी, लेकिन उल्टा हो रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि, इस फोरलेन पर अतिक्रमण ऐसा है कि महज 4 साल में 104 फीट का यह फोरलेन आधे से कम रह गया है। तस्वीर में आप अव्यवस्थित पार्किंग का हाल देख सकते हैं और मौजूदा चौड़ाई का अंदाजा लगा सकते हैं। फोटो - चिंटू मेहता

## इसलिए परेशानी : शॉपिंग मॉल के अलावा कहीं पार्किंग नहीं

1. यहां पर महू रोड बस स्टैंड है। बस स्टैंड से तो समय पर बसें निकल जाती है, लेकिन ये बसें सवारियों के चक्कर में फोरलेन पर खड़ी रहती है। जिससे ट्रैफिक जाम की नौबत बन रही है।
2. फोरलेन पर 20 से ज्यादा गैरेज है, कई गैरेज छोटी दुकानों में हैं, जहां अंदर वाहन को सुधारने की भी जगह नहीं है, ऐसे में वे सड़क किनारे ही वाहन सुधारते हैं।
3. कुछ प्रमुख दुकानें भी है, लेकिन शॉपिंग मॉल को छोड़कर पार्किंग का इंतजाम नहीं है।
4. फव्वारा चौक के पास सबसे ज्यादा परेशानी, सड़क किनारे ठेले और छोटी-मोटी दुकानें है।

## पार्किंग में ही वाहन खड़े करने होंगे

*बुधवार से पार्किंग लाइन में वाहन खड़े करने होंगे। शहर में विभाग के वाहन भी घूमेंगे, हालांकि, अभी तीन दिन सिर्फ समझाइश दी जाएगी, ताकि लोगों की आदत बनें। तीन दिन बाद सीधे चालान काटे जाएंगे। नाबालिग वाहन चालकों पर बुधवार से ही कार्रवाई शुरू होगी।*
**मोनिका सिंह,** ट्रैफिक प्रभारी, रतलाम

दै. भास्कर 24/11/21